# गार्गी पुरस्कार एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार ऑनलाईन आवेदन प्रकिया

**BENEFICIARY SCHEME PORTAL**
https://rajshaladarpan.rajasthan.gov.in/SD2/BSP/Home/DBT_CommonLogin.aspx

↓

**OTHER SCHEMES** का चयन

↓

सत्र का चयन करें।

↓

स्कीम का चयन करें।

↓

| गार्गी पुरस्कार प्रथम किस्त | गार्गी पुरस्कार द्वितीय किस्त | बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार |
|---|---|---|

- आपके विद्यालय की पात्र बालिकाओं की सूची प्रदर्शित होगी।
- APPLY पर क्लिक कर, फार्म सबमिट करें।
- यदि आपके विद्यालय की कोई पात्र बालिका सूची में प्रदर्शित नहीं हो रही है, तो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं/12वीं कक्षा के रोल नम्बर अंकित कर सर्च करें।
- गार्गी–प्रथम किश्त के लिए बालिका के 11वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यालय द्वारा, गार्गी–द्वितीय किश्त के लिए बालिका के 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यालय द्वारा एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए जहां से बालिका ने कक्षा 12वीं उत्तीर्ण की थी उस विद्यालय द्वारा आवेदन किया जा सकेगा।

विशेष :– BENEFICIARY SCHEME PORTAL पर आवेदन करने से पूर्व शाला दर्पण के प्रपत्र–9 में बालिका का जन–आधार Authentication किया जाना आवश्यक हैं, जन–आधार Authentication के अभाव में आवेदन नहीं किया जा सकेगा।

**वर्ष 2025–26 में गार्गी पुरस्कार योजना (प्रथम एवं द्वितीय किस्त) एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के ऑनलाईन आवेदन भरवाये जाने के संबंध में प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देशः–**

4. **गार्गी पुरस्कार योजना (प्रथम किस्त):–**

   माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज. अजमेर द्वारा आयोजित माध्यमिक/प्रवेशिका **परीक्षा–2025** एवं स्वामी विवेकान्द मॉडल स्कूल की माध्यमिक **परीक्षा–2025** में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाऐं जो कि वर्तमान **शैक्षणिक–सत्र 2025–26** में कक्षा–11 में नियमित अध्ययनरत है, को पुरस्कार की प्रथम किस्त के रूप में राशि 3000/– एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाना है।

5. **गार्गी पुरस्कार योजना (द्वितीय किस्त):–**

   माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज. अजमेर द्वारा आयोजित माध्यमिक/प्रवेशिका **परीक्षा–2024** एवं स्वामी विवेकान्द मॉडल स्कूल की माध्यमिक **परीक्षा–2024** में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाऐं जो कि वर्तमान **शैक्षणिक–सत्र 2025–26** में कक्षा–12 में नियमित अध्ययनरत है, को पुरस्कार की द्वितीय किस्त के रूप में राशि 3000/– प्रदान की जानी है।

6. **बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजनाः–**

   माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राज. अजमेर द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ उपाध्याय **परीक्षा–2025** एवं स्वामी विवेकान्द मॉडल स्कूल की उच्च माध्यमिक **परीक्षा–2025** में 75 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार स्वरूप राशि 5000/– एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाना है।

- उपरोक्त योजनाओं में ऑनलाईन आवेदन शाला दर्पण पोर्टल के "BENEFICIARY SCHEME PORTAL" टैब पर भरे जाने हैं। पुरस्कार राशि जन–आधार इन्टीग्रेशन एवं **DBT** माध्यम से अन्तरित की जायेगी।
- पुरस्कार प्रमाण–पत्र भी पोर्टल पर ऑनलाईन उपलब्ध करवाया जायेगा।

➢ **बालिका की माध्यमिक/उच्च माध्यमिक परीक्षा की अंकतालिका एवं परिवार जन आधार कार्ड में दर्ज डाटा (बालिका का नाम, माता का नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक और जेण्डर) एक जैसा होने पर ही आवेदन FINAL SUBMIT होगा।**